दिनांक 26.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

सार्वजनिक गणेश उत्सव में स्वच्छता बैंनर लगाना अनिवार्य – आयुक्त

भिलाईनगर/ नगर में चारों तरफ गणेश उत्सव की तैयारी चल रही है, सब गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के गणेश पण्डालों को आकर्षक बनाने हेतु प्रयासरत् है। आयुक्त के0एल0 चौहान ने सभी सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के सदस्यों से अपील की है कि अपने–अपने पण्डालों में स्वच्छ भारत अभियान का बैंनर अवश्य लगायें, साथ ही गणेश दर्शन हेतु आने वाले सभी श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए बतायें कि घर से निकलने वाले गीला एवं सुखा कचरा अलग–अलग डस्टबीन में ही डालकर निगम के सफाई कर्मचारी (रिक्शा मित्र) को देवें।

निगम आयुक्त द्वारा सभी गणेश पंडालों को पत्र द्वारा सूचित किया गया है कि सभी पंडाल के व्यवस्थापक अपने पंडालों की विद्युत व्यवस्था के देखरेख हेतु सक्षम जानकर व्यक्ति को अवश्य रखें साथ में फायर सेप्टी के लिए फायर सेप्टी यंत्र, बालु, आदि रखना अनिवार्य है जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना से सुरक्षा मिल सके । स्वच्छ भारत अभियान हम सभी का अभियान है अपने भिलाई को स्वच्छता के रैंकिंग में नम्बर 1 लाने हेतु सबकी भागीदारी आवश्यक है। स्वच्छ भारत के बैनर का प्रारुप कार्यालयीन अवधि में जनसम्पर्क विभाग से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकतें है।

आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर नगर निगम का उड़नदस्ता दल सार्वजनिक पण्डालों में जाकर लोगों को जागरुक करेगा। साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही भी की जायेगी।

निर्देश

1. सभी सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति अपने पण्डालों में स्वच्छ भारत अभियान का स्वच्छता का बैंनर अवश्य लगावें। साथ ही बीच–बीच में ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा लोगों को जागरुक भी करते रहें।
2. सार्वजनिक स्थल या घरों में रखें गये मिट्टी के बनें प्रतिमाओं को अपने घरों में या निगम द्वारा निर्धारित स्थल पर ही मुर्तियों का विसर्जन करें।
3. सार्वजनिक पण्डाल सुविधा जनक बनायें जिससे आने–जाने वालों को परेशानी न हो आबो हवा ठीक मिलें किसी प्रकार का कैजुवल्टी न हो।
4. सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जावे।

शासन के निर्देशानुसार प्लास्टर ऑफ पेरिस की बनी गणेश की प्रतिमा प्रतिबंधित है। शास्त्रों के अनुसार सार्वजनिक स्थल या घरों में भी मिट्टी के बने गणेश की प्रतिमा

स्थापित करें, यह ही मंगलदायक है। महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने गणेश पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि जनजागरुकता हेतु बैंनर लगाना अनिवार्य होगा, पण्डाल सुविधाजनक बनाये जाये जिससे आने–जाने वाले लोगों को परेशानी न हो, पार्किंग व्यवस्था बाधित न हो, गणेश पण्डाल में कचरा इधर–उधर न बिखरा रहे इस हेतु डस्टबीन प्रमुख जगहों पर रखें लोगों को बतायें कि खाने–पीने वाली सामग्री से निकलने वाली कचरे को हरे एवं नीले डस्टबीन में डालें।

जन सम्पर्क अधिकारी